RBI Branches in Gujarat

150. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of FINANCE be pleased to state;

(a) whether Government propose to open new branches of the Reserve Bank of India in Gujarat; and

(b) if so, what are the details thereof and what are the names of places where these branches are proposed to be opened?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) There is no proposal to open any new branch office of the Reserve Bank of India (RBI) in Gujarat.

(b) Doe,; not arise.

ए०आर०डी०आर० योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण

151. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सरकार को उपलब्ध कराई जाने वाली कतिपय प्रतिभूति धनराशि तथा ए०आर०डी०आर० योजना, 1990 के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को ऋण के रूप में इतनी ही धनराशि प्रदान किया जाना अभी भी लंबित है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इस धनराशि को कब तक उपलब्ध करा दिया जायेगा ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) से (ग) जी, हां। कृषि और ग्रामीण ऋण राहत योजना (ए०आर० डी०आर०) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में सहकारी बैंकों द्वारा किए गए दावों के ब्यौरे तथा अब तक उनके लिए जारी की गई धनराशियां निम्नानुसार हैं :

(करोड़ रुपये)

	उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक	उत्तर प्रदेश राज्य भूमि विकास बैंक
1. किये गये दावे	343.17	100.27
2. स्वीकृत धनराशि—		
(क) स्वीकृत	229.26	42.70
(ख) ऋण	229.26	42.70
(ग) योग	458.53	85.40
3. रिलीज की जाने वाली शेष धनराशि	84.64	14.86